# 35 परीक्षा केन्द्रों पर होगी बोर्ड परीक्षा, 11 .379 परीक्षार्थी होंगे शामिल

## शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन के संबंध में दिये निर्देश, एक्सीलेंस से वितरित होगी परीक्षा सामग्री

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 5 फरवरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल अंतर्गत हाई स्कूल एवं हायर सैकेण्डरी की बोर्ड परीक्षाओं के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशन में जिले में 35 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये है। इन परीक्षा केन्द्रों पर 10वी एवं 12वी बोर्ड के कुल 11 हजार 379 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षो की बैठक में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित



करने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा है कि आवश्यकतानुसार परीक्षार्थियों के लिए फर्नीचर, पेयजल आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें तथा सभी परीक्षा कक्षो में प्रकाश की उचित व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। शांतिपूर्ण परीक्षा के लिए प्रशासन द्वारा ध्वनि प्रदुषण सहित धरना प्रदर्शन, रैली, जुलूस एवं परीक्षा केन्द्रों की 100 मीटर परिधि में 5 से अधिक व्यक्तियों के एकत्रितीकरण आदि के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किये गये है। इसके साथ ही जिला एवं ब्लॉक स्तर के निगरानी दल भी बनाये गये है। उन्होंने कहा कि संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर जिला स्तर से अधिकारियों को प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही सभी परीक्षा केन्द्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में अधिकारी तैनात किये गये है। बोर्ड की परीक्षाएं 10 फरवरी से शुरू होगी, 12वी बोर्ड परीक्षा का पहला पेपर 10 फरवरी को होगा। 10वी बोर्ड की परीक्षा 13 फरवरी से शुरू होगी। परीक्षाएं प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक संचालित होगी। बोर्ड परीक्षाओं के लिए 35 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, जिनमें 02 केन्द्र स्वाध्यायी छात्रों के लिए निर्धारित है। बोर्ड परीक्षाओं के लिए परीक्षा सामग्री का वितरण 6 फरवरी को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय श्योपुर से किया जायेगा।

जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने बताया कि श्योपुर जिले में 35 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, परीक्षाओ के व्यवस्थित संचालन के लिए 35 केन्द्राध्यक्ष एवं 35 सहायक केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किये गये है। बोर्ड परीक्षाओं में कुल 11 हजार 379 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कक्षा 12वी की परीक्षाएं 10 फरवरी से शुरू होगी, इस परीक्षा में 4 हजार 678 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार 13 फरवरी से शुरू होने वाली 10वी बोर्ड की परीक्षा में 6 हजार 701 परीक्षार्थी शामिल होंगे। विद्यार्थियों से अपेक्षा की गई है कि वे प्रात: 8.30 बजे से पूर्व तक अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंच जायें।

### परीक्षा सामग्री का वितरण 6 को

श्री गर्ग ने बताया कि श्योपुर स्थित एक्सीलेंस विद्यालय से सभी केन्द्राध्यक्षों को परीक्षार्थियों के मान से परीक्षा सामग्री का वितरण 6 फरवरी को प्रात: 11 बजे से किया जायेगा। इस संबंध में सभी केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों से निर्धारित समय में उपस्थित रहने की अपेक्षा की गई। बैठक में सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता, सहायक संचालक शिक्षा यश जैन सहित सभी बीईओ एवं बोर्ड परीक्षाओं के लिए नियुक्त केन्द्राध्यक्ष तथा सहायक केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहें।

# भैंस चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 5 फरवरी।** थाना विजयपुर पुलिस अधीक्षक श्योपुर सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया जी के मार्गदर्शन में श्रीमान एसडीओपी विजयपुर राघवेन्द्र सिंह तोमर जी नेतृत्व में थाना प्रभारी विजयपुर राजन सिंह गुर्जर द्वारा अपनी टीम के साथ थाना विजयपुर के अप.क्रं.-47/2025 धारा-303(2) बीएनएस के आरोपी बल्लो पुत्र ओतारसिंह गुर्जर उम्र 37 साल निवासी ग्राम विचपुरी थाना जौरा जिला मुरैना के ऊपर श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्योपुर की ओर से गिरफ्तारी हेतु 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। जिसको दिनांक-03.02.2026 को मुखविर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी बल्लो गुर्जर को विधिवत् गिरफ्तार किया गया। जिसको माननीय न्यायालय पेश किया गया। जो अभी पुलिस रिमाण्ड पर है। जिसके विरुद्ध विभिन्न थानों में अपहरण, चोरी के प्रकरण दर्ज है।

घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 27.05.2025 को थाना विजयपुर में फरियादी सूरजपाल पुत्र सियाराम यादव निवासी भुजपैरिया ने आरोपीगण बल्लो गुर्जर, आशा गुर्जर निवासीगण ग्राम विचपुरी थाना जौरा रानू पुत्र मिस्त्री गुर्जर निवासी वुड़ावली थाना वागचीनी के विरूद्ध भैंस चोरी की रिपोर्ट की थी। जिस पर से थाना विजयपुर में अप.क्रं.47/2025धारा-303 (2) बीएनएस का पंजीबद्ध है।

**सराहनीय भूमिका :** निरीक्षक राजन सिंह गुर्जर, उनि. महावीर सिंह कंषाना, उनि रामवरनसिंह, प्र.आर. 479 रामवेद रावत, प्रआर. 365 मनोज सिकरवार, आर. 191 राहुल गुर्जर, आर. 357 भगवान सिंह, आर. 112 वर्षाने पाण्डेय, आर. 11 राजेन्द्र सिंह आर.चालक 635 मुकेश की मुख्य भूमिका रही।

# रघुनापुर में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 5 फरवरी।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित मेरा युवा भारत कार्यक्रम के अंतर्गत रघुनाथपुर में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। युवा उत्थान युवा मंडल के तत्वावधान में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रघुनाथपुर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि संदीप सिंह रहे। प्राचार्य एमके माहौर की अध्यक्षता में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान विशेष अतिथि के रूप में एसबीआई बैंक मैनेजर पुखराज मीना मौजूद रहे।

ठस अवसर पर आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में रघुनाथपुर की टीम विजेता तथा उपविजेता रही। रस्साकस्सी महिला वर्ग में जीवन नगर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि रघुनाथपुर की टीम द्वितीय स्थान पर रही। दौड़ प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में पुखराज जाटव ने प्रथम, मोहित गौड़ ने द्वितीय एवं विक्की जाटव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग में रवीना रावत प्रथम, अंजू जाटव द्वितीय तथा काजल जाटव तृतीय स्थान पर रहीं। गोला फेंक प्रतियोगिता के महिला वर्ग में काजल जाटव प्रथम, स्मिता कौशल द्वितीय एवं रोशनी तृतीय स्थान पर रहीं। गोला फेंक के पुरूष वर्ग में अनिल आदिवासी प्रथम, रिंकू वर्मा द्वितीय तथा जसनवीर तृतीय स्थान पर रहे।

समापन अवसर पर सभी विजेता एवं प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं टी-शर्ट प्रदान किये गये। मेरा युवा भारत के जिला लेखापाल दिलीप सुमन द्वारा कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक रवि समाधिया द्वारा किया गया।

# पापी भी राम का नाम लेकर सद्गति पा सकता है : वैष्णव



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 5 फरवरी।** शहर के फक्कड़ चैराहा स्थित वैष्णव छात्रावास भवन पर चल रही श्रीराम कथा के पांचवे दिन गुरूवार को प्रसिद्ध कथा व्यास महाराज घनश्याम वैष्णव रामधाम बालाजी सरकार अरणिया धारणी नीमच वाले रामजन्मोत्सव व कैकयई दशरथ संवाद व श्रीराम बनवास का प्रसंग सुनाया गया। इस प्रसंग को सुन श्रोता भावविभोर हो गए। महाआरती में भाजपा प्रदेशउपाध्यक्ष बृजराजसिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष शंशाक भूषण, पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर सिंह सिसौदिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वैष्णव विकास परिषद मुंबई, रामनिवास वैष्णव अजमेर, प्रभूदास वैष्णव, बाबूदास अग्रवात, राजस्थान प्रदेश सचिव वैष्णव विकास परिषद प्रदीप बैरागी, रघुवीर प्रसाद वैष्णव, रमेश वैष्णव शामिल रहे। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों को माला पहनाकर व साफा बांधकर स्वागत किया।

कथा व्यास ने कहा कि धर्म के लिए भगवान का अवतार होता है, जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ा तब-तब भगवान ने अवतार लिया। राम कथा सुनने से राग, द्वेष, ईर्ष्या और भेदभाव समाप्त हो जाते हैं और मन को शांति मिलती है। कथा में सुनने के लिए रोजाना बड़ी में संख्या में महिला-पुरूष पहुंच रहे हैं। कथा का आयोजन समस्त वैष्णव समाज द्वारा कराया जा रहा है। समाज अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव बगदिया वालों ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक किया जा रहा है। उन्होंने समाजबंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील की है।

### आज होगा केवट, श्रवण कुमार, दशरथलोक गमन प्रसंग

श्रीराम कथा में शुक्रवार को कथा व्यास महाराज घनश्याम वैष्णव द्वारा केवट संवाद, श्रवण कुमार सेवा प्रसंग तथा राजा दशरथ के लोकगमन का भावपूर्ण प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े इन महत्वपूर्ण प्रसंगों का मंचन, वाचन किया जाएगा। श्रद्धालु बड़ी संख्या में आयोजन में शामिल होकर कथा श्रवण का लाभ लेंगे।

# बैंकर्स परम्परागत एवं पर्यटन आधारित रोजगार को बढ़ावा दें : एडीएम

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 5 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर

### विभिन्न रोजगार मूलक योजनाओं की हुई समीक्षा, डीएलसीसी की बैठक आयोजित

कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कहा कि बैंकर्स परम्परागत व्यवसाय एवं पर्यटन आधारित रोजगार को बढावा दें, इससे संबंधित व्यवसायों, कलां कौशल को प्रमोट करने के लिए आर्थिक संसाधन मुहैया कराये जायें।



इस अवसर पर एलडीएम रघुनाथ सहाय, डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल, सहायक संचालक उद्योग शुभम अग्रवाल, सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी तथा बैंकर्स उपस्थित थे।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कहा कि पराम्परागत कौशल एवं व्यवसाय आधारित रोजगार और स्वरोजगार से बडी संख्या में कारीगर जुडे हुए है। ऐसे कारीगरों और व्यवसायियों को कारोबार विस्तार के लिए ऋण मुहैया कराया जायें, जिससे वे अपनी आमदनी को बढा सकते है। इसी प्रकार जिले में पर्यटन आधारित रोजगार की असीम संभावनाएं है, इस क्षेत्र में फायनेंस करना बैंको के लिए भी लाभदायक होगा और जिले में पर्यटन गतिविधियां बढेगी।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने सभी बैंकर्स को निर्देश दिये कि एनआरएलएम के स्वसहायता समूहों को लक्ष्य अनुसार सीसीएल स्वीकृत किया जायें। वर्तमान में 55 करोड के लक्ष्य के विरूद्ध 36 करोड रूपये की राशि सीसीएल के रूप में 1471 समूहों को उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि मार्च से पहले लक्ष्य हासिल किया जायें। इस अवसर पर एसबीआई स्टेशन रोड द्वारा गुरू महाराज स्वसहायता समूह चन्द्रपुरा को सर्वाधिक सीसीएल राशि 12 लाख रूपये प्रदाय किये जाने पर प्रबंधक राजीव वर्मा की प्रशंसा की गई।

उन्होंने कहा कि पीएमईएफएमई अंतर्गत 76 के लक्ष्य के विरूद्ध 39 प्रकरण स्वीकृत किये गये है तथा 35 प्रकरणों में ऋण वितरण किया गया है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया वीरपुर एवं कैनरा बैंक श्योपुर के प्रबंधक को लक्ष्य अनुसार प्रकरण स्वीकृत करने के निर्देश दिये गये। पीएम विश्वकर्मा, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना में भी बैंकर्स को आवंटित लक्ष्य अनुसार प्रकरण स्वीकृति हेतु निर्देशित किया गया।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना वर्ष 2025-26 के लिए 56 इकाईयों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके क्रम में स्थानीय स्तर पर 125 का लक्ष्य निर्धारित कर 130 प्रकरण विभिन्न बैंको को प्रेषित किये गये। बैंकर्स द्वारा 61 प्रकरण स्वीकृत किये गये है तथा 58 में ऋण राशि का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि शेष लंबित प्रकरण स्वीकृत कर वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।

# बोर्ड पैटर्न पर होगी कक्षा 5वीं, 8वीं की परीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 5 फरवरी।** प्रदेश में शिक्षण सत्र 2025-26 की कक्षा 5वीं एंव 8वीं की परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर होगी। परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होगी और 28 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 12 हजार 920 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर लगभग 25 लाख विद्यार्थी परीक्षा देंगे। राज्य शिक्षा केंद्र ने मंगलवार को इस संबंध में दिशा निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन परीक्षाओं में शासकीय विद्यालयों के साथ-साथ निजी स्कूलों एवं मदरसों के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। इस वर्ष 1 लाख 10 हजार 615 शासकीय, निजी शालाओं एवं मदरसों के लगभग 24 लाख 90 हजार विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इसमें से 522 निजी विद्यालयों के 20 हजार 736 विद्यार्थियों के लिए एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार भाषा विषय के पृथक प्रश्न पत्र तैयार किए गए हैं। अन्य विषयों के प्रश्न पत्र पाठ्यपुस्तकों के आधार पर बनाए गए हैं।

**पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों का सत्यापन :** परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक विशेष पहल की गई है। विशेष आईटी पोर्टल विकसित किया गया है। इस पोर्टल से विद्यार्थियों का सत्यापन, परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, केन्द्राध्यक्षों की मैपिंग, सामग्री वितरण, रोल नंबर एवं प्रवेश पत्र जारी करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही उपस्थिति दर्ज करने, मूल्यांकन कार्य एवं अंकसूची जारी करने की व्यवस्था भी इसी पोर्टल से की जाएगी।

### प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को मिलेगा परीक्षा देने का अवसर

संचालक हरजिंदर सिंह ने बताया कि प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाएगा। कोई विद्यार्थी यदि किसी कारणवश परीक्षा तिथि तक पंजीकृत नहीं हो पाया है, तो उसे भी परीक्षा में शामिल करने के निर्देश केन्द्राध्यक्षों को दिए गए हैं। ऐसे विद्यार्थियों की तकनीकी जानकारी परीक्षा उपरांत दर्ज की जाएगी। परीक्षा में 86 हजार 109 शासकीय शालाओं, 23 हजार 980 अशासकीय शालाओं एवं 525 मदरसों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

# गहोई वैश्य समाज चम्बल के अध्यक्ष बने राजीव सेठ

**नवभारत न्यूज**

**इंदरगढ़, 5 फरवरी।** इंदरगढ़ चम्बल गहोई वैश्य समाज के अध्यक्ष के रूप में राजीव सेठ के भव्य अभिनंदन के लिए आयोजित सम्मान समारोह में कार्यकर्ताओं और वरिष्ठजनों की गरिमापूर्ण उपस्थिति ने एक नए युग की शुरुआत की। इस सुअवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व डेलीगेट पुनीत कुमार गुप्ता ने कहा कि गहोई वैश्य समाज चम्बल के अध्यक्ष पद पर राजीव सेठ की ऐतिहासिक जीत समाज के लिए एक नए सूर्योदय का संकेत है।

राजीव सेठ ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि हमारे सभी कार्यकर्ता चम्बल गहोई वैश्य समाज के अध्यक्ष हैं



और समाज के हित में किये जाने वाले कार्यों में सभी की सहभागिता और सुझाव सुनिश्चित किये जायेंगे।

पुनीत कुमार गुप्ता ने सभी को पुष्पमाला पहनाकर माँ पीतांबरा देवी की तस्वीर भेंट की और उद्घोष किया कि यह जीत समाज के समृद्धि और उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। सभी सामाजिक सदस्यों को एक दूसरे के मतभेद भुलाकर समाज में एकता की भावना से कार्य करना है ताकि समाज नई ऊंचाइयों पर पहुंचे।

इस अवसर पर अध्यक्ष राम प्रकाश गुप्ता मंत्री राकेश कुचिया कोषाध्यक्ष राधाकांत कुचिया पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री नरेश कुचिया सत्यम गुप्ता श्री बसंत बिलैया श्री रमेश बिलैया पप्पू देलूआ वाले राममिलन गुप्ता छान वाले दशरथ सावला सोनू गुप्ता छिकाउवाले सोनू गुप्ता रूरा वाले विनोद गुप्ता सिकरी वाले श्रीकांत गुप्ता रामकुमार परसोदा वाले लाला गुप्ता पारसौंदा वाले रामनिवास नगरिया श्री रमेश सोडा वाले राम बिहारी गुप्ता वै दही शरण गुप्ता भास्कर गुप्ता केशव गुप्ता प्रदीप नाहर उपेंद्र गुप्ता इंदरगढ़ के सभी वरिष्ठजन व सामाजिक बंधु उपस्थित रहे इस अवसर पर चम्बल गहोई वैश्य समाज के अध्यक्ष राजीव सेठ द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व डेलीगेट पुनीत कुमार गुप्ताए गहोई समाज युवा अध्यक्ष सत्यम शरण गुप्ता सेवानिवृत सहायक उपनिरीक्षक गजेन्द्रनाथ वाजपेयी को शाल व स्मृति चिह्न भेंट कर सभी का आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने किया कार्यक्रम आयोजित




**नवभारत न्यूज**

**इंदरगढ़, 5 फरवरी।** इंदरगढ़ शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम खंडौआ में 5 फरवरी से 11 फरवरी तक सात दिवसीय विशेष शिविर का स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर निलय गोस्वामी द्वारा सभी स्वयंसेवकों को संबोधित कर शिविर के बारे में जानकारी प्रदान की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ मुकेश कुमार मौर्य द्वारा सात दिवसों कि शिविर की दैनिक गतिविधियों एवं शिविर के क्रियाकलापों के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम में श्री राघवेंद्र सिंह यादव द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को समाज एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को बनाए रखने को कहा। शिविर में इको क्लब प्रभारी डॉण् शबाना बानो द्वारा स्वयंसेवकों को श्रमदान और पर्यावरण स्वच्छता के बारे में बताया गया। शिविर में अन्य महाविद्यालय स्टाफ डॉ सचिन गौरी श्री सौरभ सैनी श्री शुभम तिवारी श्री मनोज रायकवार श्री रोहित कुशवाहा श्री दुष्यंत करण उत्तम सिंह बघेल लतीफ खान नीरज करण तथा स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# श्री रामचरितमानस सम्मेलन में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक अग्रवाल



**नवभारत न्यूज**

**इंदरगढ़, 5 फरवरी।** इंदरगढ़ सेवड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धीरपुरा श्री रामचरित मानस सम्मेलन में पहुंचे सेवड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल मंच पर पहुंच कर व्यास गद्दी पर विराजमान परम पूज्य महाराज जी से आशीर्वाद लिया एवं पंडाल के नीचे बैठकर कथा रसपान की साथ में उपस्थित भाजपा वरिष्ठ संजीव सिंह भास्कर गुप्ता अवधेश श्रीवास्तव प्रताप गौर राजेंद्र सिंह गुर्जर गौरव गुर्जर पुनीत पांडे कुलदीप गुर्जर रामप्रकाश सिजरिया पवन पाठक आदि।

# 5वीं एवं 8वीं की परीक्षा सीसीटीवी रिकॉर्ड एवं वीडियोग्राफी में कराई जाए

**नवभारत न्यूज**

**इंदरगढ़, 5 फरवरी।** इंदरगढ़ के समाजसेवी राहुल राजौरिया एडवोकेट ने कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षा सीसीटीवी एवं वीडियोग्राफी की अनिवार्य निगरानी में कराए जाने हेतु कलेक्टर दतिया के नाम तहसीलदार इंदरगढ़ दीपक यादव को ज्ञापन सौंपा। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के द्वारा 20 फरवरी से 28 फरवरी 2026 के बीच कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड परीक्षाएं संपन्न कराई जानी है।

इस संबंध में समाजसेवी राहुल राजौरिया एडवोकेट के द्वारा



कलेक्टर दतिया के नाम से तहसीलदार इंदरगढ़ दीपक यादव को ज्ञापन देकर बताया गया कि किस प्रकार इन परीक्षाओं में शत् प्रतिशत परीक्षा परिणाम की होड़ से स्कूल संचालक एवं शिक्षकगणों के द्वारा सामूहिक नकल करने में सहायता की जाती है ए इसमें बिना किसी वास्तविक मूल्यांकन के अगली कक्षा में प्रमोट होने के कारण विद्यार्थी की नींव बहुत कमजोर हो रही है इसका दुष्प्रभाव विद्यार्थियों को आगामी कक्षाओं में एवं प्रतियोगी परीक्षा में देखने को मिल रहा है। राज्य शासन भोपाल के द्वारा बनाई गई नीति की उक्त परीक्षा में किसी भी बच्चे को फैल नहीं करना है इससे बच्चों के मन में परीक्षा के प्रति डर और पढ़ने की ललक समाप्त हो रही है।

राहुल राजौरिया के द्वारा मांग की गई की 20 फरवरी से 28 फरवरी के बीच जो परीक्षा संपन्न कराई जानी है उसे सीसीटीवी एवं वीडियोग्राफी की अनिवार्य निगरानी में संपन्न कराई जाए तथा स्थानीय पर्यवेक्षकों को इन परीक्षाओं से दूर रखा जाए तथा वाहरी पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया जाए जिससे नकल जैसे प्रकरणों पर रोक लगाई जा सके। साथ ही जो भी शैक्षणिक संस्थाए शिक्षक एवं अधिकारी अगर नकल कराते हैं तो ऐसे लोगों पर कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। ज्ञापन को प्राप्त करते समय तहसीलदार इंदरगढ़ के द्वारा आश्वासन दिया गया है कि मांगे उचित है इस संबंध में हम ज्ञापन को कलेक्टर महोदय दतिया के लिए प्रेषित कर रहे हैं।